Dr. Sangita Kumari Saha
B.A.D-I (H) IInd Paper

Continue....

Leadership functions

(5) Leader as external group representative->
किसी भी बड़े समूह के सभी सदस्यों के लिए यह सम्भव नहीं है कि सब मिलकर ही पूरे समूह का प्रतिनिधित्व किसी बाह्य समूह के संदर्भ में करें। अतः समूह के बाह्य प्रतिनिधित्व का कार्य भार भी नेता को ही संभालना पड़ता है और अन्य समूह या संगठन उपस्थित होकर अपने सभी सदस्यों के प्रति विचारों को एक प्रतिनिधि के रूप में रखता है। इस तरह से नेता अपने समूह का अधिकारिक प्रवक्ता होता है। अपने समूह से बाहर जाने वाले सभी तरह की सूचनाओं एवं बाहर से अपने समूह में आने वाले सभी तरह की सूचनाओं का आदान प्रदान अधिकारिक प्रवक्ता नेता के ही माध्यम से होता है। इस विशेष अर्थ में Lewin ने नेता को GateKeeper की संज्ञा दी है।

(6) Leader as Controller or internal relations:- नेता अपने समूह के सदस्यों के आपसी एवं भीतरी सम्बन्धों को निर्धारित करता है। उसका हर सम्भव प्रयास यही होता है कि सदस्यों का आपसी संबंध सौहार्द्रपूर्ण बना रहे। इसके लिए वह अपने सदस्यों को समय-समय पर उपदेश भी देता है तथा अच्छे सम्बन्धों का फायदा बताकर उन्हें प्रेरित भी करता है। इस तरह से नेता अपने समूह के सदस्यों के आन्तरिक संबंधों का एक नियंत्रक के रूप में कार्य करता है।

Scanned with CamScanner

## (7) Leader as purveyor of reward and punishment.

नेता अपने समूह के सदस्यों को दण्ड एवं पुरस्कार भी देता है जो सदस्य समूह के मानक के अनुकूल व्यवहार करते हुए समूह लक्ष्यों की प्राप्ति में काफी मदद करते हैं नेता उन्हें उचित पुरस्कार देता है इस पुरस्कार का स्वरूप कुछ भी हो सकता है नेता वैसे सदस्यों को नगद पुरस्कार भी दे सकता है या उनकी Promotion भी दे सकता है इसके विपरीत जो सदस्य समूह के मानक के प्रतिकूल व्यवहार करते हैं तथा लक्ष्यों की प्राप्ति में विघ्न डालते हैं उन्हें नेता उचित दण्ड भी देता है दण्ड के रूप में संभव है कि नेता वैसे सदस्यों का demotion कर दे या समूह से निष्कासित कर दे। इस तरह से समूह का नेता सदस्यों को पुरस्कृत या दण्डित करके अपने समूह पर उचित नियंत्रण बनाये रखता है

## (8) Leader as arbitrator and mediator.

ऐसा देखा गया है कि कभी-कभी समूह के सदस्यों के बीच आपस में मनमुटाव एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ऐसी परिस्थिति में नेता एक पंच तथा मध्यस्थ के रूप में काम कर सदस्यों के बीच आपसी मनमुटाव एवं तनाव को दूर करता है। इस समझौता में वह प्रत्येक सम्बन्धित सदस्य की बातों को सुनता है और उसके बाद एक अपना निर्णय देकर सदस्यों के मनमुटाव को दूर करता है।

Scanned with CamScanner